भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या : 1441
उत्तर देने की तारीख : 01 जुलाई, 2019

भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए विदेशों में सांस्कृतिक प्रदर्शनियां

1441. श्री विजय कुमार दूबे :
श्री मनोज तिवारी :
श्री रेवती त्रीपुरा :

क्या **संस्कृति मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का दक्षिण पूर्व एशिया सहित विश्व भर में भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए सांस्कृतिक प्रदर्शनियां आयोजित करने का कोई प्रस्ताव है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और
(घ) इस संबंध में क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जाने का विचार है?

उत्तर
(श्री प्रहलाद सिंह पटेल)
संस्कृति एवं पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(क) से (घ) : भारत सरकार "अंतरराष्ट्रीय संबंधों को बढ़ावा देने" की स्कीम के अंतर्गत विदेश में भारत महोत्सव का आयोजन करती रही है। भारत महोत्सव का आयोजन करने के लिए किसी देश का चयन करने से पहले सभी हितधारकों से परामर्श किया जाता है और भौगोलिक प्रतिनिधित्व पर विचार-विमर्श किया जाता है। भारत महोत्सव के दौरान, सांस्कृतिक प्रदर्शनियों सहित नृत्य और संगीत प्रस्तुतियां (शास्त्रीय, क्षेत्रीय, लोक नृत्य और नाटक आदि), व्यंजन महोत्सव, साहित्यिक महोत्सव, फिल्म महोत्सव, योग, आदि जैसे अनेक कार्यकलाप आयोजित किए जाते हैं।

****